# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल, नीमच(म0प्र0)

पुरानी पुलिस लाईन के सामने, महू–नसीराबाद रोड़, नीमच
Phone No. (07423) 226605, , E-mail- dfot.nmh@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2018 / 3089 नीमच, दिनांक :– 22/6/18

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जलसंसाधन संभाग, नीमच

विषयः– गंगाबावड़ी जलाशय योजना में वनभूमि व्यपवर्तन से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने बाबत्।

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2018 / 1464 दिनांक 20.03.2018 एवं 2777 दिनांक 07.06.2018

विषयांकित प्रकरण में लेख हैं, कि गंगाबावड़ी जलाशय योजना (तहसील मनासा) निर्माण में प्रभावित होने वाली 36.00 हेक्टेयर वनभूमि के व्यपवर्तन हेतु प्रकरण (FP/MP/IRRIG/32285/2018) भाग–2 की पूर्ति बाबत् ऑनलाईन दिनांक 11.06.2018 को वनमण्डल कार्यालय को मुख्यालय से प्राप्त हुआ हैं। प्रकरण के साथ प्रभावित होने वाली भूमि के समतुल्य गैर वनभूमि पर वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर प्रेषित की जाना हैं। कलेक्टर, जिला नीमच के प्रकरण क्रमांक / 10 / अ–20(3) / 2017–18 दिनांक 27.02.2018 से गंगाबावड़ी तालाब योजना में प्रभावित होने वाली 36 हेक्टेयर वनभूमि के बदले में समतुल्य गैर वनभूमि तहसील सिंगोली के ग्राम लुंवा एवं ग्राम फुसरिया में कार्यपालन यंत्री , जलसंसाधन संभाग नीमच को हस्तांतरित की गई हैं। उपरोक्त हस्तांतरित भूमि राजस्व अभिलेखों में वनविभाग के नाम से अमल दरामद कराकर नक्शा तरमीम शुदा नकल की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने के साथ ही स्थल पर भूमि का आधिपत्य वनपरिक्षेत्राधिकारी रतनगढ़ को सौपनें की कार्यवाही की जाने बाबत् संदर्भित पत्रों से आपको लेख किया गया है। कार्यवाही वर्तमान तक अपेक्षित हैं। कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही तत्काल संपादित की जाना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में प्रकरण का समय सीमा में निराकरण किया जाना संभव नहीं होगा।

(डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता)
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल नीमच

क्रमांक / मा.चि. / 2018 / 3090 नीमच, दिनांक :– 22/6/18

प्रतिलिपिः–

(01) अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(02) मुख्य वनसंरक्षक उज्जैन वृत्त उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता)
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल नीमच